दैनिक भास्कर
पानीपत 29-08-2022

# के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने फ्रेशमेन ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन किया

नई दिल्ली | के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने गुड़गांव के सोहना रोड स्थित विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए फ्रेशमेन ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन किया।



इस कार्यक्रम में 4000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। जिन्होंने यूजी, पीजी और डॉक्टरेट स्तर के कार्यक्रमों में दाखिला लिया है। कॉलेज शुरू करना न केवल छात्रों, बल्कि अभिभावकों के जीवन में भी एक नई शुरुआत का प्रतीक है। फ्रेशमेन ओरिएंटेशन सत्र का उद्देश्य परिसर के संसाधनों, कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना और नए छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों और विनियमों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में कुलाधिपति पद्मश्री प्रो. दिनेश सिंह, चेयरमैन यश देव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, रोहित गुप्ता, कुलपति प्रो. सी.एस. दुबे, प्रो वाइस चांसलर प्रो. त्रिपाठी, रजिस्ट्रार प्रवीण महाजन (सेवानिवृत्त), के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के डीन और फैकल्टी सदस्य, उद्योग से विशेष आमंत्रित लोग एडब्ल्यूएस एजुकेट अमेजन से अमित नेवतिया, ह्यूजेस सिस्टिक से तरुण और के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के एक सफल उद्यमी आयुष राजपूत ने इस अवसर पर गौरव बढ़ाया।

दैनिक भास्कर
नई दिल्ली 29-08-2022

# के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने फ्रेशमेन ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन किया



नई दिल्ली | के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने गुड़गांव के सोहना रोड स्थित विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए फ्रेशमेन ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 4000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। जिन्होंने यूजी, पीजी और डॉक्टरेट स्तर के कार्यक्रमों में दाखिला लिया है। कॉलेज शुरू करना न केवल छात्रों, बल्कि अभिभावकों के जीवन में भी एक नई शुरुआत का प्रतीक है। फ्रेशमेन ओरिएंटेशन सत्र का उद्देश्य परिसर के संसाधनों, कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना और नए छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों और विनियमों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में कुलाधिपति पद्मश्री प्रो. दिनेश सिंह, चेयरमैन यश देव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, रोहित गुप्ता, कुलपति प्रो. सी.एस. दुबे, प्रो वाइस चांसलर प्रो. त्रिपाठी, रजिस्ट्रार प्रवीण महाजन (सेवानिवृत्त), के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के डीन और फैकल्टी सदस्य, उद्योग से विशेष आमंत्रित लोग एडब्ल्यूएस एजुकेट अमेजन से अमित नेवतिया, ह्यूजेस सिस्टिक से तरुण और के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के एक सफल उद्यमी आयुष राजपूत ने इस अवसर पर गौरव बढ़ाया।

# मारुति 'पीछे नहीं हटेगी', फिर हासिल करेगी 50 प्रतिशत हिस्सेदारी

**चेयरमैन भार्गव ने कहा, कंपनी 40 साल होने का जश्न मना रही**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- 2021-22 में बाजार हिस्सेदारी घटकर 43.38 प्रतिशत रह गई

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) घरेलू बाजार में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी फिर हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आरसी भार्गव ने कहा कि मारुति 'पीछे नहीं हटेगी' और 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी फिर हासिल करने के लिए संघर्ष करेगी। मारुति देश में अपने परिचालन के 40 साल पूरे होने का जश्न मना रही है। बीते वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी घटकर 43.38 प्रतिशत रह गई, जो वित्त वर्ष 2018-19 में 51.21 प्रतिशत के शिखर पर थी।

### ग्राहक का मारुति ब्रांड पर भरोसा

भार्गव ने कहा, 'मेरा मानना है कि भारतीय ग्राहक का मारुति ब्रांड पर बहुत भरोसा है और हम उसके इस विश्वास बनाए रखने के लिए काम करेंगे।' भार्गव ने कहा कि घरेलू बाजार 'भारत' (कम मूल्य के वाहन) और 'इंडिया' (महंगे उत्पाद) में बंटा हुआ है। उन्होंने कहा, 'हमें यह सुनिश्चत करना है कि बाजार में दोनों खंडों के लिए हमारे उत्पाद हों।'






### पीछे हटने का इरादा नहीं

भार्गव ने कहा, ' हम अपनी 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी वापस पाने के लिए संघर्ष करेंगे। हम कितना सफल होते हैं, यह तो समय ही बताएगा लेकिन निश्चित रूप से हमारा पीछे हटने का इरादा नहीं है।' उन्होंने कहा कि हम इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) या किसी अन्य 'बॉडी स्टाइल' का मॉडल पेश करेंगे।

### 2018-19 में बाजार हिस्सेदारी 51.21 फीसदी थी

वित्त वर्ष 2018-19 में घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री 33,77,436 इकाई थी, जो 2021-22 में घटकर 30,69,499 इकाई रह गई। मारुति सुजुकी ने 2018-19 में अपनी अबतक की सबसे अधिक सालाना बिक्री 17,29,826 इकाइयों की हासिल की थी। उस समय कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 51.21 थी। यह 2021-22 में घटकर 43.38 प्रतिशत या13,31,558 इकाई रह गई।

## खबर संक्षेप

### सेबी का पूर्व टीवी एंकर के खिलाफ आदेश जारी



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने एक समाचार चैनल के पूर्व एंकर और कुछ अन्य इकाइयों के खिलाफ शेयरों को लेकर सुझाव के आधार पर धोखाधड़ी वाले कारोबार में शामिल होने के मामले में आदेश जारी किया। सेबी ने यह आदेश एक समाचार चैनल पर स्टॉक संबंधी गलत व्यापार गतिविधियों में लिप्त रहने के आरोप में सुनाया है।

### सेंसेक्स की शीर्ष 7 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,54,477.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियां-टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 812.28 अंक या 1.36 प्रतिशत नीचे आया।

### आकाश एयर के डेटा में सेंध, सूचनाएं हुईं उजागर




**नई दिल्ली।** एयरलाइन आकाश एयर के डेटा में सेंध लगने की वजह से कुछ अनधिकृत लोगों की पहुंच उपयोगकर्ताओं की सूचनाओं तक हो जाने का मामला सामने आया है। गत सात अगस्त को विमान परिचालन शुरू करने वाली आकाश एयर ने इस गड़बड़ी के लिए अपने ग्राहकों से माफी मांगी है तथा खुद ही सीईआरटी-इन को इस मामले की जानकारी दी है।

### उत्सर्जन कम करने धातु क्षेत्र में नई तकनीक जरूरी



**नई दिल्ली।** इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि धातु क्षेत्र में ऊर्जा की अत्यधिक खपत होती है, जो कार्बन उत्सर्जन का बड़ा कारण बनता है। शून्य-उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए इस क्षेत्र में नयी तकनीक अपनाने की जरूरत है।

## फिर से मेडिक्लेम पॉलिसी बेचने की मंजूरी देने का संकेत

# जीवन बीमा कंपनियां फिर से स्वास्थ्य पॉलिसी की पेशकश करने को तैयार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा खंड में दोबारा मंजूरी देने संबंधी बीमा नियामक आईआरडीएआई के स्पष्ट संकेत के बीच एलआईसी और अन्य बड़ी जीवन बीमा कंपनियां क्षतिपूर्ति-आधारित स्वास्थ्य बीमा कारोबार में फिर से कदम रखने का मन बना रही हैं।

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के अलावा आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ, एचडीएफसी लाइफ और बजाज आलियांज लाइफ जैसी बीमा कंपनियों का कहना है कि वर्ष 2016 में रोक लगने के पहले वे मेडिक्लेम पॉलिसी की भी पेशकश कर रही थीं। लेकिन भारतीय बीमा नियमन एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया।

### नियामक ने दिया मंजूरी देने का संकेत

इन बीमा कंपनियों का कहना है कि जब बीमा नियामक उन्हें फिर से मेडिक्लेम पॉलिसी बेचने की मंजूरी देने का संकेत दे रहा है तो वे इस कारोबार में दोबारा कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ये सभी कंपनियां इस समय भी गैर-क्षतिपूर्ति पर आधारित स्वास्थ्य पॉलिसी की पेशकश कर रही हैं।




### एलआईसी कर रही प्रस्ताव की समीक्षा

एलआईसी ने इस बारे में संपर्क किए जाने पर कहा, 'हम नियामक से मिले प्रस्ताव की समीक्षा कर रहे हैं क्योंकि स्वास्थ्य जीवन बीमा के हमारे मुख्य व्यवसाय से जुड़ा है। इसमें कुछ भी नया नहीं है क्योंकि हम दशकों से इसमें सक्रिय हैं और कई गैर-क्षतिपूर्ति उत्पादों की पेशकश कर भी रहे हैं।'



### 2.63 लाख का बड़ा ग्राहक मौजूद

वर्ष 2030 तक हरेक नागरिक के पास स्वास्थ्य पॉलिसी होने का लक्ष्य पाने के लिए ऐसा करना जरूरी है। हालांकि बाद में पांडा ने कहा कि इस बारे में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। निजी क्षेत्र की कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने कहा कि नियामकीय प्रतिबंध लगने पर अधिकांश ग्राहकों को पोर्ट आउट (पॉलिसी जारी रखते हुए कंपनी बदलना) की अनुमति देने के बावजूद स्वास्थ्य क्षेत्र में आज भी उसके पास 2.63 लाख का एक बड़ा ग्राहक आधार मौजूद है।

### बिक्री एक साल की वैधता के साथ

क्षतिपूर्ति-आधारित स्वास्थ्य योजनाओं यानी मेडिक्लेम पॉलिसी का सालाना नवीनीकरण होता है या उनकी बिक्री एक साल की वैधता के साथ की जाती है। यह देश में सबसे अधिक बिकने वाली स्वास्थ्य योजनाएं हैं। हालांकि बीमा नियामक ने वर्ष 2016 में जीवन बीमा कंपनियों को ऐसी योजनाओं को बेचने से रोक दिया था। तब से जीवन बीमाकर्ताओं को केवल निश्चित लाभ स्वास्थ्य योजनाओं की पेशकश की ही अनुमति है।

- मेडिक्लेम पॉलिसी का सालाना नवीनीकरण होता है
- यह देश में सबसे अधिक बिकने वाली स्वास्थ्य योजनाएं
- वर्ष 2016 में इस पॉलिसी को बेचने पर लगी रोक
- वर्ष 2030 तक भारत के हर नागरिक के पास स्वास्थ पॉलिसी का लक्ष्य

**नए सुझावों का मूल्यांकन जारी**

एलआईसी के चेयरमैन एम टी कुमार ने कहा, 'हम पहले से ही कई दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुरक्षा और गारंटीकृत स्वास्थ्य उत्पादों की पेशकश कर रहे हैं। हम नियामक द्वारा दिए गए सुझावों का मूल्यांकन कर रहे हैं।'

### बजाज आलियांज भी उतरने की तैयारी में

जीवन बीमा क्षेत्र की एक अन्य कंपनी बजाज आलियांज लाइफ ने भी कहा कि वह फिर से इस क्षेत्र पर ध्यान देगी। बजाज आलियांज लाइफ के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तरुण चुग ने कहा, 'हम यह समझना चाहते हैं कि यह प्रस्ताव किस दिशा में जाएगा। एक कंपनी के रूप में हम ग्राहकों की स्वास्थ्य बीमा जरूरतों को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।'

# ट्विन टॉवर ध्वस्त करना रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए एक सबक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- उद्योग जगत ने दी अपनी प्रतिक्रिया में कहा
- भवन नियमों का उल्लंघन होने पर तय होगी जवाबदेही

नोएडा में सुपरटेक के ट्विन टॉवर ढहाए जाने को लेकर उद्योग जगत ने भी प्रतिक्रिया दी है जिसमें उनका कहना है कि इससे रियल एस्टेट उद्योग के सभी पक्षकारों को यह सबक मिलेगा कि भवन नियमों का उल्लंघन होने पर जवाबदेही तय की जाएगी।


उद्योग जगत ने कहा कि रियल एस्टेट (नियमन एवं विकास) कानून, 2016 के तहत राज्य नियामक प्राधिकरणों को और सशक्त बनाना चाहिए जिससे कि वे उपभोक्ता हितों की रक्षा कर सकें और चूककर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई कर सकें। दिल्ली के कुतुब मीनार से भी ऊंचे 100 मीटर के एपेक्स और सियान टॉवर को गिराने के लिए 3,700 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। उच्चतम न्यायालय ने एमराल्ड कोर्ट सोसायटी परिसर के बीच इस निर्माण को नियमों का उल्लंघन बताया था, जिसके बाद इन्हें ढहाने का काम किया गया। रियल एस्टेट क्षेत्र की शीर्ष संस्था क्रेडाई (राष्ट्रीय) के अध्यक्ष हर्ष वर्धन पटोदिया ने कहा, 'यह निर्णय उस नए भारत का प्रतीक है जिसमें हम रह रहे हैं, जो सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों, शासन और कानून का पालन करने वाला है। इस निर्णय में हम उच्चतम न्यायालय और अधिकारियों के साथ हैं।' पटोदिया ने कहा कि ज्यादातर संगठित डेवलपर सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हैं और जो लोग नहीं करते, यह कार्रवाई उन्हें याद रहनी चाहिए।

### पारदर्शी व जिम्मेदार बनाने वाला बड़ा कदम

नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि रियल एस्टेट को पारदर्शी और एक जिम्मेदारी वाला कारोबार बनाने के लिए यह एक बड़ा और मजबूत कदम है। उन्होंने कहा, भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने और उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध करवाने जैसे कदम पारदर्शिता लाने में सहायक होंगे।

# वृहद आंकड़ों से तय होगी घरेलू बाजारों की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- फेड के संबोधन के बाद बाजार में रह सकता है उतार चढ़ाव
- पावेल ने अत्यधिक सख्त रुख का दिया संकेत

आगामी कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में शेयर बाजारों की दिशा वैश्विक बाजारों के उतार-चढ़ाव, वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा विदेशी कोषों के रुझान से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के जैक्सन होल में शुक्रवार को संबोधन के बाद सोमवार को बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजय कुमार ने कहा, 'पावेल ने अपने संक्षिप्ति संबोधन में अत्यधिक सख्त रुख का संकेत दिया है। मौद्रिक रुख उम्मीद से अधिक समय तक सख्त रखने की आशंका को लेकर बाजार चिंतित है।' पावेल ने कहा है कि आगामी महीनों में फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में और बड़ी बढ़ोतरी करेगा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक का ध्यान चार दशक में सबसे उच्चस्तर पर पहुंच चुकी महंगाई को काबू करने पर है।

### रेलवे की इकाई ने चीनी कंपनी के खिलाफ किया जवाबी दावा



**नई दिल्ली।** रेलवे की डेडिकेटेड फ्रेट कोरीरोड कॉरपोरेशन (डीएफसीसीआईएल) ने शुक्रवार को चीन की एक फर्म के खिलाफ 234.25 करोड़ रुपये का जवाबी दावा दाखिल किया। चीन की कंपनी सीआरएससी ने दो साल पहले रेलवे के साथ करार निरस्त होने के बाद अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के समक्ष 443.77 करोड़ रुपये के हर्जाने का दावा दाखिल किया हुआ है। डीएफसीसीआईएल ने वर्ष 2020 में सीआरएससी के साथ 471 करोड़ रुपये के करार को इस आधार पर निरस्त कर दिया था कि चीनी फर्म प्रदर्शन दिखा पाने में नाकाम रही है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने चीनी कंपनी के खिलाफ जवाबी दावा दाखिल करने की जानकारी देते हुए कहा कि 234.25 करोड़ रुपये का दावा किया जा रहा है।

# देश की 67% आबादी तक जन धन योजना की पहुंच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय समावेशन समावेशी वृद्धि की तरफ बढ़ने वाला एक बड़ा कदम है जिससे समाज के सभी वंचित तबकों का समग्र आर्थिक विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। सीतारमण ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) के आठ साल पूरे होने के मौके पर जारी एक आधिकारिक बयान में [illegible] बाहर मौजूद लोगों को वित्तीय व्यवस्था का अंग बनाकर वित्तीय [illegible] कदम बढ़ाए गए हैं।पीएमजेडीवाई की शुरुआत 28 अगस्त, 20[illegible] प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर हुई थी।



### फ्रेशमेन ओरिएंटेशन 2022-23 पर रिपोर्ट

के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने 27 अगस्त, 2022 को गुरुग्राम के सोहना रोड स्थित विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए फ्रेशमेन ओरिएंटेशन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 4000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, , जिन्होंने यूजी, पीजी और डॉक्टरेट स्तर के कार्यक्रमों में दाखिला लिया है। कॉलेज शुरू करना न केवल छात्रों, बल्कि अभिभावकों के जीवन में भी एक नई शुरुआत का प्रतीक है। फ्रेशमेन ओरिएंटेशन सत्र का उद्देश्य परिसर के संसाधनों, कार्यक्रमों और सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना और नए छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों और विनियमों से परिचित कराना था।

# अप्रत्याशित लाभ कर की मार से जुलाई में 11% घटा डीजल निर्यात

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल निर्यात पर सरकार द्वारा अप्रत्याशित लाभ कर लगाए जाने के बाद जुलाई में भारत का डीजल निर्यात 11 प्रतिशत घट गया, वहीं पेट्रोल का निर्यात 4.5 प्रतिशत कम रहा। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में डीजल निर्यात घटकर 21.8 लाख टन रह गया जो इसके पिछले महीने 24.5 लाख टन था। इसी तरह पेट्रोल निर्यात जो जून में 11.6 लाख टन था, जुलाई में गिरकर 11 लाख टन रह गया। भारत में अप्रत्याशित लाभ कर पहली बार एक जुलाई को लगाया गया था। पेट्रोल और विमान ईंधन एटीएफ पर छह रुपये प्रति लीटर की दर से कर लगाया गया था और डीजल पर यह 13 रुपये प्रति लीटर था।

# रिलायंस कैपिटल के लिए बोली की समयसीमा सोमवार को होगी खत्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) के लिए बोलियां देने की समयसीमा सोमवार को खत्म होने जा रही है लेकिन इस बीच निवेशकों को कंपनी की सबसे मूल्यवान इकाई रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के शेयरों को लेकर बनी भ्रम की स्थिति ने चिंता में डाल दिया है। दरअसल आरसीएल की दिवालिया प्रक्रिया के तहत प्रशासक रिलायंस जनरल को भी लाना चाहता है लेकिन सूत्रों की मानें तो आईडीबीआई ट्रस्टी ने समाधान प्रक्रिया के लिए जनरल इंश्योरेंस के शेयर जारी करने से इनकार कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि रिलायंस जनरल के शेयरों को लेकर बनी भ्रम की स्थिति ने निवेशकों को बोलियां देने को लेकर असमंजस में डाल दिया है। आईडीबीआई ट्रस्टीशिप जो क्रेडिट सुइस की ओर से डिबेंचर न्यासी के तौर पर काम कर रही है उसने रिलायंस जनरल में रिलायंस कैपिटल की शत-प्रतिशत हिस्सेदारी को नवंबर, 2019 में भुना लिया था और इसके शेयर अपने खाते में स्थानांतरित कर दिए थे।

## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। नौकरी में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश जा सकते हैं। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी।

**वृष** – नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी।

**कर्क** – धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षकि कार्यों में तरक्की मिलेगी।

**सिंह** – वाणी में मधुरता रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। किसी पैतृक कारोबार से धन में वृद्धि होगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संचित धन में वृद्धि होगी।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। परिवर्तन के अवसर भी मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी और खर्च भी बढ़ेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक एवं शैक्षिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कुछ व्यवधान आ सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार में व्यवधान आ सकते हैं। बातचीत में संयत रहें।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। कार्यक्षेत्र की स्थिति अभी पूर्ववत: रहेगी।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में यात्रा लाभप्रद रहेगी।

## शब्द पहेली - 4901

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 | | 8 |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | | | ■ | |
| 11 | 12 | ■ | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | 15 | | 16 | | 17 | ■ | 18 | |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | | | |
| ■ | ■ | ■ | 21 | | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| 23 | 24 | | | ■ | 25 | ■ | 26 | | 27 | 28 |
| 29 | | ■ | 30 | 31 | | 32 | | ■ | 33 | |
| 34 | | ■ | ■ | | ■ | | ■ | ■ | 35 | |
| | ■ | 36 | 37 | | ■ | 38 | 39 | 40 | ■ | |
| 41 | | | | | ■ | 42 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रेजी-2)
40. वहम, संदेह-2

**शब्द पहेली -4900 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्ती | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | प्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |

## सूडोकु नवताल - 4907

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 4906 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |